तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 11 जुलाई 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



2 आदिवासी समाज ने की दोषियों के शीघ्र गिरफ्तारी की मांग





2011 से संचालित

शंकराचार्य

स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई

B.c. NURSING & M.Sc. NURSING

प्रवेश के लिए संपर्क करें

मो.: 83193 47482 81030 45003

Website : ssscn.ac.in


# जीवन बीमा निगम सेटेलाइट कार्यालय का प्रशासनिक अधिकारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गबन के मामले में एसीबी ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की है। एंटी करप्शन ब्यूरो ने भारतीय

■ एसीबी ने की कार्रवाई, न्यायालय में पेश किया गया अभियोग पत्र

जीवन बीमा निगम सेटेलाइट कार्यालय सूरजपुर के तत्कालीन सहायक प्रशासनिक अधिकारी को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र विशेष न्यायालय पीसी ऐक्ट सूरजपुर में पेश किया है। आरोपी ने 2019-20 में 28 लाख 55 हजार रूपए से अधिक का गबन किया था। इस मामले में जांच के बाद कार्रवाई की गई है।

बताया जा रहा है कि भारतीय जीवन बीमा निगम सेटेलाइट कार्यालय बिश्रामपुर जिला सूरजपुर के ब्रांच मैनेजर विनोद कुमार सोनी द्वारा ईओडब्ल्यू रायपुर में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि बिश्रामपुर भारतीय जीवन बिमा निगम निगम सेटेलाईट कार्यालय में पदस्थ तत्कालीन प्रशासनिक अधिकारी अमोद कुमार लकड़ा द्वारा अपने पद का दुरूपयोग कर बीमा निगम की राशि का गबन किया गया था। आरोपी अमोद कुमार लकड़ा ने वर्ष 2019-20 के मध्य इस गबन को अंजाम दिया है। आरोपी ने संग्रहित राशियों में से 4 अप्रैल 2019 का कैश कलेक्शन 3 लाख 3 हजार 584 रूपए, 4 सितम्बर 2019 का कैश कलेक्शन 6 लाख 69 हजार 434 रूपए, 19 अक्टूबर 2019 का कैश कलेक्शन 2 लाख 79 हजार



64 रूपए, 18 नवंबर 2019 का कैश कलेक्शन 5 लाख 50 हजार 397 रूपए, 24 अप्रैल 2020 का कैश कलेक्शन 7 लाख 21 हजार 972 रूपए, 29 सितंबर 2020 का कैश कलेक्शन 3 लाख 30 हजार 617 रूपए, 14 अक्टूबर 2020 का कैश कलेक्शन 3 लाख 9 हजार 399 रूपए व बैंक में जमा 3 लाख 08 हजार 399 रूपए में अंतर 1000 रूपए कुल 28 लाख 55 हजार 968 रूपए का गबन किया। आरोपी ने कैश कलेक्शन की राशि को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा सतपता में जमा नहीं किया था।

**कूट रचित पावती से किया गबन**

जांच में पुष्टि हुई कि आरोपी तत्कालिन सहायक प्रशासनिक अधिकारी के द्वारा सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में कुल अठाईस लाख पचपन हजार नौ सौ अरसठ रूपये को जमा नहीं किया गया एवं कुटरचित पावति (पे इन स्लिप) को वापस एलआईसी शाखा विश्रामपुर में लाकर जमा किया गया। इस मामले में एसीबी ने आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 409, 467, 468, 471 एवं भ्रनि अधि 1988 यथा संशोधन अधि. 2018 के तहत अपराध दर्ज किया था। इसी मामले में एसीबी ने आरोपी अमोद कुमार लकडा को गिरफ्तार किया है। एसीबी ने आरोपी को 10 जुलाई को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र विशेष न्यायालय पीसी ऐक्ट सूरजपुर में पेश किया है।

### की गई है कार्रवाई

गबन के पुराने मामले में जांच उपरान्त कार्रवाई की गई है। आरोपी भारतीय जीवन बीमा निगम सेटेलाइट कार्यालय बिश्रामपुर के तत्कालीन प्रशासनिक अधिकारी अमोद कुमार लकड़ा को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया है। विवेचना चल रही है।

-प्रमोद खेस
डीएसपी एसीबी

## खबर संक्षेप

### बाइक सवार दंपति को ट्रक ने मारी टक्कर, पत्नी की मौत पति घायल

**सेदम।** बतौली थाना अंतर्गत ग्राम देवरी डूमरपारा निवासी सूखन एक्का (55 वर्ष) सुबह किसी काम के सिलसिले से पत्नी रीता एक्का (48 वर्ष) के साथ ससुराल सीतापुर बाकइ क्रमांक सीजी 15 डीयू 4819 से गया था। शाम को दोनों सीतापुर से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार दंपति एनएच 43 सेदम बाजार के समीप पहुंचे तभी पीछे से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार महिला ट्रक की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई वहीं पति घायल हो गया। पत्नी के मौत हो जाने पर पति राहगीर की मदद से ट्रक का पीछा किया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने एक ट्रक को पकड़ पूछताछ में जूट गई है वहीं ट्रक चालक का कहना है कि उसके वाहन से दुर्घटना नहीं हुई है और दो तीन ट्रक ओवरटेक का गुजरे थे। बहरहाल पुलिस घटना कारित ट्रक की तलाश शुरू कर दी है।

### जमीन विवाद में चाचा ससुर ने की बहू को जान से मारने की तलवार से कोशिश

**सूरजपुर।** जमीन विवाद को लेकर चाचा ससुर ने न सिर्फ जमीन को अपना बताया बल्कि बहू को तलवार से जान से मारने की कोशिश की। पीड़ित महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। बसदेई चौकी क्षेत्र के ग्राम बांसापारा निवासी महिला की शिकायत पर पुलिस ने उसके चाचा-ससुर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार 9 जुलाई की दोपहर करीब 12.30 बजे महिला अपने बेटे और बेटी के साथ ट्रैक्टर लेकर खेत में जुताई-बुवाई करने पहुंची थी। इसी दौरान उसका चाचा-ससुर लक्ष्मण देवांगन पत्नी के साथ मौके पर पहुंचा और हाथ में लोहे की तलवार लेकर सार्वजनिक रूप से लहराते हुए जमीन को अपना बताने लगा। साथ ही किसी को भी खेत में कदम रखने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। महिला का यह भी कहना है कि विवादित जमीन का सीमांकन पहले ही राजस्व और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में हो चुका है, इसके बावजूद आरोपी उनकी जमीन पर जबरन कब्जा कर खेती कर रहा है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें आरोपी तलवार लहराता दिखाई दे रहा है। शिकायत के आधार पर बसदेई चौकी पुलिस ने आरोपी लक्ष्मण देवांगन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296(बी), 351(3) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## गांव में लगाया गया कैंप, फिर से किया जा रहा टीकाकरण

# सीतापुर के बगडोली के छह बच्चों में खसरा की पुष्टि से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा जिले के सीतापुर क्षेत्र में संक्रामक बीमारी मिजल्स (खसरा) की पुष्टि हुई है। क्षेत्र के बगडोली में खसरा के वायरस से छह बच्चे संक्रमित पाए गए है। बच्चों में खसरा की पुष्टि जबलपुर के इम्यूनोलोजी लैब से हुई है। शंका के आधार पर स्वास्थ्य विभाग ने 15 बच्चों के सैम्पल लेकर जांच के लिए भेजा था जिसमें से छह की रिपोर्ट पाजिटिव आई है। मिजल्स की पुष्टि के बाद जिले के साथ ही प्रदेश में हड़कंप मच गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावित गांव में कैंप लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही उन्हें विटामिन ए का घोल पिलाया जा रहा है। इसके साथ ही जिले में अलर्ट घोषित किया गया है।

**खास बात**

■ 15 के सैम्पल भेजे गए थे जबलपुर

बता दें कि सरगुजा जिले के सीतापुर क्षेत्र अंतर्गत बगडोली में छह बच्चों में खतरनाक संक्रामक बीमारी मिजल्स(खसरा) की पुष्टि हुई है। कुछ दिनों पहले क्षेत्र में किसी एक बच्चे में बुखार के साथ ही लाल दाने की सूचना बीएमओ की तरफ से जिला स्तर के अधिकारियों को दी गई थी जिसके बाद संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए काम करने वाले विभाग द्वारा संभावना के आधार पर बच्चे का सैम्पल लेकर जांच के लिए जबलपुर के इम्यूनोलोजी लैब में भेजा गया था। इस दौरान बच्चे में वायरस की पुष्टि हुई जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। सीएमएचओ डॉ. पीएस मार्को व नोडल अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावित गांव में कैंप लगाकर सर्वे किया गया और संभावित बच्चों के सैम्पल लिए गए। सभी सैम्पल को जांच के लिए जबलपुर के इम्यूनोलोजी लैब में भेजा गया था। इस दौरान कुल 15 सैम्पल में से 6 में मिजल्स की पुष्टि हुई जिसके बाद से ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावित गांव में कैंप लगाकर बच्चों की जांच की जा रही है।



ग्रामीणों का उपचार करते स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### टीकाकरण अभियान पर खड़े हुए सवाल

सरगुजा में मिजल्स की पुष्टि के बाद जिले में चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है। बच्चों को खसरा का टीका जन्म के बाद से ही लगाया जाता है और इस टीकाकरण के बाद शत प्रतिशत खसरा से रक्षा होती है और बच्चों में इस जानलेवा बीमारी की संभावना खत्म हो जाती है लेकिन यदि सरगुजा में बच्चे खसरा से संक्रमित पाए जा रहे है तो जिले में टीकाकरण अभियान पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है। पुष्टि के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में कैम्प लगाया गया है और अब तक 45 बच्चों का फिर से खसरा का टीकाकरण किया गया है और उन्हें विटामिन ए की दवा पिलाई जा रही है।

### स्वास्थ्य विभाग करा रहा अब सर्वे

पहले संक्रामक रोगों की पहचान के लिए समय समय पर सर्वे का काम डब्ल्यूएचओ द्वारा किया जाता था। संक्रामक बीमारी में पोलियो, टिटेनस, मिजल्स सहित अन्य बीमारी आती है। अब इन बीमारियों के सर्वे का काम स्वास्थ्य विभाग की टीम सीधे तौर पर कर रही है। सीतापुर क्षेत्र में खसरा मिलने के बाद जिले में अलर्ट घोषित कर दिया गया है और सभी विकासखंडों में निर्देशित किया गया है कि मिजल्स के लक्षण वाले बच्चे नजर आने पर तत्काल इसकी सूचना दी जाए ताकि बच्चों का सैम्पल लेकर जांच कराई जा सके।

### क्या है लक्षण

चिकित्सकों के अनुसार खसरा का ख़तरा पांच साल तक के बच्चो में होता है। मिजल्स में बुखार के साथ लाल दाने नजर आते है जिसे ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार छोटी माता भी समझ लेते है लेकिन यह खसरा के वायरस होते है। खसरा के कारण बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के बाद सर्दी खांसी के बाद निमोनिया हो जाता है। बच्चे कुपोषण के शिकार होते है और बच्चों की जान खतरे में पड़ जाती है।

### जारी किया गया है अलर्ट

जिले में खसरा से संक्रमित 6 बच्चे मिले थे। जांच में पुष्टि के बाद गांव में कैंप लगाकर जांच व टीकाकरण किया जा रहा है। जिले में भी अलर्ट जारी किया गया है और सर्वे का कार्य जारी है।

-डॉ. पीएस मार्को, सीएमएचओ

### कराया जा रहा है टीकाकरण

मिजल्स में बुखार के साथ शारीर में लाल दाने, सर्दी खांसी मुख्य लक्षण है। निमोनिया के साथ ही बच्चों में जान का खतरा रहता है। सभी विकासखंड में कहा गया है कि 5 साल से कम उम्र के बच्चों में बुखार और लाल दाने मिल रहे है तो तत्काल इसकी सूचना देनी है। बच्चों का टीकाकरण कराने के साथ ही विटामिन ए का घोल पिलाया जा रहा है।

-डॉ शैलेन्द्र गुप्ता
नोडल अधिकारी



## सरगुजा में बाइकर्स के खिलाफ अब तक की बड़ी कार्रवाई, 158 बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में पुलिस ने बाइकर्स गैंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मैनपाट में उत्पात मचाने वाले बाइकर्स के खिलाफ अपराध दर्ज किया है और वीडियो के आधार पर उनकी पहचान की जा रही है। इधर उत्पात मचाने वाले बाइकर्स के खिलाफ अभियान चलाकर एक दिन में 158 बाइक को जब्त किया गया है। पुलिस ने बाइक चालकों के परिजन को बुलाकर अंतिम चेतानवी दी है और इसके बाद पकड़े जाने पर उनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

■ मैनपाट में उत्पात मचाने का वीडियो आने के बाद एक्शन, पुलिस ने चेतावनी देकर छोड़ा

बता दें कि सरगुजा जिले में बाइकर्स गैंग का आतंक चरम पर है। बाइकर्स झुण्ड में निकलकर शहर के साथ ही पर्यटन स्थलों में उत्पात मचा रहे है। हाल ही में जिले के मैनपाट में बाइकर्स गैंग के उत्पात मचाने का वीडियो सामने आया था। इस दौरान दर्जनों की संख्या में बाइकर्स मैनपाट के खतरनाक घाटी पर उत्पात मचाने के साथ ही हुडदंग कर रहे थे। इस दौरान परिवार के साथ मैनपाट पर्यटन स्थल पहुंचे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। ऐसे में अब एसएसपी राजेश अग्रवाल ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। एसएसपी के निर्देश के बाद सरगुजा जिले में यातायात पुलिस, कमलेश्वरपुर, दरिमा, मणीपुर, कोतवाली थाना की पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। इस दौरान चेकिंग प्वाइंट लगाकर और घेराबंदी कर उत्पात मचाने वाले बाइकर्स को पकड़ा गया। शुक्रवार को एक दिन में चेकिंग के दौरान यातायात शाखा द्वारा कुल 50 वाहन चालक, थाना कमलेश्वरपुर द्वारा 55 वाहन चालक, थाना दरिमा द्वारा 40 वाहन चालक, थाना कोतवाली द्वारा 8 वाहन चालक एवं थाना मणीपुर द्वारा 5 वाहन चालक कुल 158 वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की गई। जिले में हुई इस कार्रवाई को अब तक सबसे बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने नाबालिग बाइक चालकों के परिजन को बुलाकर कड़ी समझाइश दी है और भविष्य में पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। वहीं पुलिस ने आम नागरिकों से आह्वान किया है कि किसी भी दर्शनीय स्थल या अन्य स्थानों पर बाइकर्स समूह द्वारा सड़क जाम करने अथवा वाहनों के साइलेंसर से तेज आवाज़ निकालकर परेशान करने सम्बन्धी जानकारी अथवा सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल सरगुजा पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 9479193599 अथवा डायल 112 मे फ़ोन कर अपनी सूचना दर्ज करा सकते है।

### बाइकर्स के खिलाफ अपराध दर्ज

पिछले दिनों मैनपाट में उत्पात मचाने वाले बाइकर्स के वायरल वीडियो के बाद एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। 7 जुलाई को सुबह से शाम तक मैनपाट क्षेत्र में कई बाईकर्स ने अपनी बाईक को लहराते हुए तेज रफ्तार में चला रहे थे जिससे लगातार एक्सीडेंट होने का खतरा बना हुआ था। रोड मे आम लोगो का चलना मुश्किल हो गया था उसके बाद सारे बाईकर्स अम्बिकापुर रोड घाट मे, कापु रोड घाट मे और सीतापुर रोड घाट मे सभी झुंड बनाकर बाईक को रोड मे खडाकर दिए और जोर जोर से बाईक का एक्सीलेटर लेकर हो हल्ला करने लगे जिससे आने जाने वाले लोगो को रुकावट होने लगी और उस रोड से निकलना मुश्किल हो गया था। बाइकर्स समूह के द्वारा की जाने वाली गतिविधियों से आम लोगो मे डर उत्पन्न हो गया था। वर्तमान मे भी मैनपाट क्षेत्र में कई बाईकर्स लोग का आना जाने की सूचना दर्ज कराई गई थी। इस मामले में थाना कमलेश्वरपुर में बीएनएस की धारा 281, 190,189, 126, 270, 285 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इसके साथ ही इस मामले में वायरल वीडियो के आधार पर जांच चल रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई और गिरफ्तारी की जाएगी।

## कार्यालय की छत का प्लास्टर गिरा, परियोजना अधिकारी समेत तीन घायल

**सीतापुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय के जर्जर हो चुके भवन के छत का प्लास्टर भरभराकर

■ बैठक के दौरान हुई घटना से मचा हड़कंप, जर्जर भवन में हो रहा संचालन

गिर गया। प्लास्टर गिरने से चपेट में आने से परियोजना अधिकारी का सिर फट गया एवं पर्यवेक्षक समेत दो अन्य घायल हो गए है। इस घटना के बाद परियोजना अधिकारी को हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उनके सिर चार टांके लगे। इस हादसे के बाद कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों में दहशत का माहौल बन गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार गुरुवार को एकीकृत बाल विकास सेवा कार्यालय में लगभग तीन बजे परियोजना अधिकारी सिब्रिया केरकेट्टा पर्यवेक्षक एवं कर्मचारियों की बैठक ले रही थी। बैठक में विभागीय योजनाओं समेत क्षेत्र में संचालित होने वाली आंगनबाड़ी केंद्रों के व्यवस्थित तरीके से संचालन पर चर्चा हो रही थी। इसी दौरान दशकों पुराने छत का प्लास्टर भरभरा कर गिर पड़ा। जिसकी चपेट में आने से परियोजना अधिकारी सिब्रिया केरकेट्टा का सिर फट गया। इसके साथ ही पर्यवेक्षक प्रीति कश्यप एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर शिखा साहू भी चोटिल हो गई।तीनों घायलों को तत्काल हॉस्पिटल ले जाया गया जहां परियोजना अधिकारी के सिर में तीन टांके लगे। इसके साथ ही घायल पर्यवेक्षक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर का भी हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार किया गया। इस हादसे के बाद वहां कार्यरत कर्मचारियों में भय का माहौल निर्मित हो गया है। दुर्घटना की आशंका की वजह से कर्मचारी दशकों पुराने जर्जर कार्यालय जाने से कतराने लगे है। दशकों पुराने जर्जर भवन को लेकर दहशत का ये आलम है कि कार्यालय संचालन हेतु किराये का भवन खोजा जा रहा है ताकि अधिकारी कर्मचारीयों का जानमाल सुरक्षित हो सके और वो निडर होकर ऑफिस में ड्यूटी कर सके।



### दो बार बनाया गया था भवन का इस्टीमेट

दशकों पुराने एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना की जर्जर हालत देखते हुए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा इसके मरम्मत के लिए दो बार इस्टीमेट बनाया गया था। सालों पहले बने इस इस्टीमेट के बाद भी पैसों के अभाव में या लापरवाही की वजह से इसकी मरम्मत नही हो पाई थी। जिसकी वजह से गुरुवार को ये जानलेवा हादसा घटित हुआ। इस संबंध में एसडीओ आरईएस अमित मिश्रा ने बताया कि इस्टीमेट बना था पर राशि की स्वीकृति नही मिल पाई थी। जिसकी वजह से जर्जर भवन का मरम्मत नही हो पाया था।

**शासन को भेजा गया प्रस्ताव,दो वर्षों से बरसात के मौसम में दिक्क़तें झेल रहे स्कूली बच्चों और ग्रामीणों की परेशानी होगी दूर**

# कैलाशपुर-राजापुर मार्ग स्थित बेलसोता नाला पर बनेगा 3.71 करोड़ का पुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम पंचायत कैलाशपुर-राजापुर मार्ग पर स्थित बेलसोता नाला पर लंबे समय से ग्रामीणों द्वारा मांग की जा रही उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग ने पहल करते हुए 3 करोड़ 71 लाख 17 हजार रूपए का प्राक्कलन तैयार कर शासन को प्रशासकीय स्वीकृति के लिए भेज दिया है। यदि प्रस्ताव को हरी झंडी मिलती है तो यह परियोजना हजारों ग्रामीणों के लिए राहत का बड़ा माध्यम साबित होगी।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत कैलाशपुर-राजापुर के मध्य स्थित बेलसोता नाला पर करीब 22 साल पहले वर्ष 2003 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इस पुल का निर्माण किया गया था। यह पुल आसपास के दर्जनों गांवों के लिए विकास की जीवनरेखा था। लेकिन 23 जुलाई 2025 को हुई मूसलाधार बारिश में उक्त पुल क्षतिग्रस्त हो गई। पुल के टूटते ही गांवों का शहर से संपर्क भी टूट गया। आज हालत यह है कि गर्मी के दिनों में जब घुनघुटा नदी सूख जाती है, तब ग्रामीण किसी तरह अस्थायी रास्ते बनाकर आवागमन कर ले रहे हैं। लेकिन जैसे ही बारिश का मौसम दस्तक देता है, पानी का तेज बहाव इन रास्तों को निगल जाता है। जिससे करीब एक दर्जन गांव पूरी तरह टापू में तब्दील हो जाते हैं। इस पुल के टूटने का सबसे दर्दनाक असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। कैलाशपुर हाई स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राएं बारिश के दिनों में घरों में कैद हो जाते हैं। कई बच्चे तो मजबूरी में पढ़ाई छोड़ने की कगार पर पहुंच गए हैं। बेलसोता नाला पुल के टूटने से शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी से दर्जन भर से अधिक गांवों के लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।लोगों की समस्याओं को लेकर गत दिनों कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर उक्त स्थल पर नए पुल निर्माण कराए जाने की मांग की गई थी। इसी तारतम्य में कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु परिक्षेत्र, रायपुर द्वारा जारी पत्र में प्रमुख अभियंता, निर्माण भवन, नवा रायपुर को भेजे गए प्रस्ताव में बताया गया है कि यह कार्य वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में शामिल है। परियोजना के लिए बजट मांग संख्या 42/5054 (4149) अंतर्गत मद क्रमांक 5659 में 20 लाख रुपए का प्रारंभिक प्रावधान भी किया गया है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार परियोजना का तकनीकी अनुमोदन संबंधित समिति द्वारा पहले ही प्रदान किया ⏭ शेष पेज 4 पर




अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI KORBA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)

89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### शासकीय पॉलीटेक्निक चिरमिरी में कार्यशाला

**डोमनहिल।** युवाओं को भारतीय वायु सेना में करियर के प्रति जागरूक करने और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शासकीय पॉलीटेक्निक चिरमिरी में ₹अग्निवीर वायु₹ जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में शासकीय पॉलीटेक्निक चिरमिरी एवं शासकीय आईटीआई चिरमिरी के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भारतीय वायु सेना में उपलब्ध करियर के अवसरों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला में भारतीय वायु सेना के अधिकारी राजीव एवं योगेश ने विद्यार्थियों को अग्निवीर वायु भर्ती योजना, पात्रता, चयन प्रक्रिया, लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता, मेडिकल परीक्षण, प्रशिक्षण तथा सेवा के दौरान मिलने वाले अवसरों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को बताया कि भारतीय वायु सेना केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि सम्मान, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र सेवा का गौरवपूर्ण अवसर प्रदान करती है। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ नियमित अध्ययन, शारीरिक फिटनेस, सकारात्मक सोच और व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी।

### अरुण को एनजीओ प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी



**कोरिया कॉलरी।** भारतीय जनता पार्टी ने एमसीबी में संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अरुण शर्मा को एनजीओ प्रकोष्ठ का दायित्व सौंपा है। नियुक्ति की घोषणा के बाद कार्यकतार्ओं, शुभचिंतकों एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में प्रकोष्ठ जनहित के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगा। नवनियुक्त जिला संयोजक अरुण शर्मा ने सभी वरिष्ठ नेताओं एवं संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि एनजीओ प्रकोष्ठ के माध्यम से समाजहित एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा हितग्राहियों को समय पर उचित सहयोग उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### सूबेदार, उपनिरीक्षक प्रारंभिक परीक्षा कल

**बैकुण्ठपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सूबेदारध्उप निरीक्षक संवर्ग प्लाटून कमांडर (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 का आयोजन 12 जुलाई 2026 रविवार को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक किया जाएगा। जिले में परीक्षा के लिए कुल 562 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए जिले में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बैकुण्ठपुर में 300 तथा शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, तलवापारा बैकुण्ठपुर में 262 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

## नाबालिग छात्रा की मौत मामले में समाज ने कलेक्टर-एसी को सौंपा ज्ञापन

# आदिवासी समाज ने की दोषियों के शीघ्र गिरफ्तारी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के पुलिस लाइन में 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा के आत्महत्या मामले में दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर पूर्व विधायक एवं सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक गुलाब कमरो के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को कलेक्टर और एसपी कोरिया को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में समाज ने मांग की है कि एफआईआर में नामजद सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता एवं सुरक्षा प्रदान की जाए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कठोर दंड दिया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से कहा कि मामले में त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि समय पर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो सर्व आदिवासी समाज लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने ₹आदिवासी बेटी को न्याय मिले, दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो₹ की मांग दोहराई। वहीं पूर्व विधायक श्री कमरो ने कहा कि भाजपा सरकार आरोपियों को संरक्षण दे रही है। ज्ञापन सौंपने वालों में सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष विजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह, कंवर समाज के जिलाध्यक्ष मनियार सिंह, आदिवासी कांग्रेस एमसीबी के जिलाध्यक्ष अमोल सिंह, जनपद अध्यक्ष बैकुंठपुर उदय प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जायसवाल, जनपद सदस्य प्रकाश चंद्र पैकरा, डॉ. आर.एस. चंदे, अमर सिंह, जितेंद्र पैकरा, अविनाश पाठक, सुरेश एक्का सहित आदिवासी समाज के पदाधिकारी एवं अन्य समाजों के सदस्य उपस्थित रहे।





कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौपते समाज के लोग।



नाबालिग छात्रा की मौत से फैला जन आक्रोश, चक्काजाम

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### फरार आरोपियों पर 5 हजार का इनाम

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की नाबालिग छात्रा आत्महत्या मामले में फरार तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे ने 5,000 रुपए के नगद इनाम की घोषणा की है। पुलिस ने कहा है कि आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस के अनुसार, 9 जुलाई को मृतका के पिता की रिपोर्ट पर थाना बैकुंठपुर में अपराध क्रमांक 214/2026 दर्ज किया गया। रिपोर्ट में आरोप है कि आईसी मार्ट में चोरी का आरोप लगाकर आरोपियों ने नाबालिग छात्रा से 50 रुपए हजार की मांग की, उसकी स्कूटी छीन ली और उसे प्रताड़ित किया, जिससे आहत होकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद से तीनों आरोपी फरार हैं। पुलिस टीमों द्वारा आरोपियों के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है, लेकिन अब तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने आम नागरिकों से अपील की है कि आरोपियों के संबंध में कोई भी महत्वपूर्ण सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले को पांच हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा तथा उसकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।



निरीक्षण करती कलेक्टर रोक्तिमा यादव।

# कार्य में विलंब पर ठेकेदार को फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटना

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव ने तहसील पटना में निमार्णाधीन नवीन तहसील भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन के विभिन्न भागों का अवलोकन करते हुए निर्माण कार्य की समीक्षा की।

- कलेक्टर ने पटना के नवनिर्मित तहसील भवन का किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में अपेक्षित गति नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने संबंधित ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा 15 अगस्त से पूर्व हर हाल में भवन का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि भवन का उपयोग शीघ्र प्रारंभ किया जा सके। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि भवन का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण एवं टिकाऊ होना चाहिए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर गुणवत्ता एवं प्रगति की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत कलेक्टर ने तहसील कार्यालय का भी अवलोकन किया तथा तहसील के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मुलाकात कर राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने ई.कोर्ट एवं ई-ऑफिस प्रणाली का अधिकतम एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता एवं गति आए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समयबद्ध ढंग से प्रकरणों का निराकरण करने तथा प्रत्येक प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण एवं समय.सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आम नागरिकों एवं पक्षकारों को त्वरित एवं प्रभावी न्यायिक एवं राजस्व सेवाएँ उपलब्ध हो सकें। कलेक्टर ने कहा कि आधुनिक अधोसंरचना के साथ-साथ तकनीक का प्रभावी उपयोग और समयबद्ध कार्य संस्कृति ही सुशासन की आधारशिला है।

## कलेक्टर ने स्मार्ट क्लास का किया निरीक्षण, न्यौता भोज में किया भोजन



**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (मध्यान्ह भोजन) के अंतर्गत आकांक्षी विकासखंड बैकुंठपुर के शासकीय हाई स्कूल जामपानी में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने विद्यार्थियों के साथ बैठकर भोजन किया। कलेक्टर श्रीमती यादव ने कहा कि न्योता भोजन का उद्देश्य विद्यालय और स्थानीय समुदाय के बीच मजबूत संबंध स्थापित करना है, जिससे विद्यालयों में सकारात्मक एवं प्रेरणादायी वातावरण का निर्माण हो सके। उन्होंने कहा कि सामुदायिक सहभागिता से बच्चों को बेहतर शिक्षा और पोषण दोनों सुनिश्चित किए जा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय के स्मार्ट क्लास का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता के विकास के लिए शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए गणित एवं अंग्रेजी से जुड़े प्रश्न पूछे। कक्षा दूसरी के एक छात्र द्वारा 11 का पहाड़ा तथा कक्षा 5 वीं के छात्र द्वारा 24 का पहाड़ा सुनाने पर उन्हें पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया।

# एक रात में तीन दुकानों के ताले टूटे

**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर-चरचा क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। पुलिस की रात्रिकालीन गश्त के बावजूद चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जिससे व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों में दहशत का माहौल है। ताजा घटना ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

- चरचा कॉलरी में बेखौफ चोरों का आतंक

जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 15 स्थित नेपाल गेट एवं व्हीटीसी कोरिया नीर के समीप मेन रोड पर गुरुवार देर रात अज्ञात चोरों ने तीन दुकानों को निशाना बनाया। नेपाल गेट निवासी कमलेश ठाकुर की सैलून एवं किराना दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोर अंदर घुस गए। चोर दुकान के गल्ले में रखे लगभग 6 हजार रुपये नकद, लक्ष्मी-गणेश की तीन चांदी की मुद्राएं तथा करीब 15 लीटर पेट्रोल चोरी कर फरार हो गए। इसी रात कोरिया नीर के समीप स्थित दो अन्य दुकानों के भी ताले तोड़े गए, लेकिन वहां चोरों के हाथ कोई कीमती सामान नहीं लग सका। सुबह जब दुकानदार अपनी दुकानें खोलने पहुंचे तो टूटे हुए ताले और बिखरा सामान देखकर घटना की जानकारी मिली। इसके बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में रात्रि के दौरान पुलिस की नियमित गश्त होने का दावा किया जाता है, लेकिन इसके बावजूद लगातार चोरी की घटनाएं होना गंभीर चिंता का विषय है। लोगों का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है कि चोरों में पुलिस का बिल्कुल भी भय नहीं रह गया है। लगातार हो रही वारदातों से व्यापारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में रात्रि गश्त को और प्रभावी बनाने, संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी बढ़ाने तथा चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में और बड़ी घटनाएं हो सकती हैं।



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं अनवर खान पिता कल्लू खान जाति मुसलमान उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम-सूरजपुर पोस्ट-सूरजपुर थाना-सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मैं अपने नाबालिग पुत्र अम्बर खान (AMBER KHAN) से बदलकर मोहम्मद अम्बर खान (MOHAMMED AMBAR KHAN) करवाना चाहता हूँ। जोकि मेरे पुत्र के अंकसूची एवं जन्म प्रमाण पत्र में वास्तविक नाम मोहम्मद अम्बर खान (MOHAMMED AMBAR KHAN) है। मैं अपने पुत्र का नाम बदलकर, यदि कोई गैर कानुनी काम करता हूँ तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा। मेरे पत्नी जाहिदा परवीन को हमारे नाबालिग पुत्र के नाम बदलने में कोई आपत्ति नही है।मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
अनवर खान
पिता कल्लू खान
निवासी- ग्राम सूरजपुर पोस्ट-सूरजपुर थाना-सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
202505021700105/अ-27/2024-25

// अंतिम फर्द बंटवारा ईश्तहार प्रकाशन //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक इलियाजर आ. स्व. अमरसाय व अन्य 02, निवासी ग्राम मानिकप्रकाशपुर तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मानिकप्रकाशपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 6, 9, 10, 43, 163, 164/3, 192, 193, 194, 195, 1058/28 रकबा क्रमशः 0.182, 0.142, 0.672, 0.789, 0.085, 0.008, 0.206, 0.085, 0.045, 0.081 हे. कुल खसरा 11, कुल रकबा 2.534 हे.भूमि का आवेदकगण के मध्य 1/3 भाग में विभाजन किये जाने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत फर्द बंटवारा सूची एवं फर्द नक्शा का अंतिम प्रकाशन किया जा रहा है। अतः उक्त फर्द बंटवारा में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 22/07/2026 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 08/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
अम्बिकापुर-02

# कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी ने पुतला दहन कर भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेस नेताओं ने पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की एसीबी एवं ईओडब्ल्यू द्वारा की गई गिरफ्तारी को राजनीतिक प्रतिशोध बताते हुए इसे लोकतंत्र और विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास बताया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार केंद्रीय एवं राज्य की जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर कांग्रेस नेताओं की छवि धूमिल करने और उन्हें प्रताड़ित करने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव के समय से ही ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक हथियार के रूप में किया जाता रहा है और अब उसी कड़ी में राज्य की जांच एजेंसियों के माध्यम से कांग्रेस नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में केंद्रीय एजेंसियां कोई ठोस तथ्य सामने नहीं ला सकीं।



### विशेष कैरियर मार्गदर्शन जागरूकता पर कार्यशाला

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय पॉलिटेक्निक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बैकुंठपुर में भारतीय वायु सेना मुख्यालय भोपाल के अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों के लिए विशेष कैरियर मार्गदर्शन एवं जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को भारतीय वायु सेना में उपलब्ध रोजगार एवं कैरियर के अवसरों, भर्ती प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देना था। कार्यक्रम में भारतीय वायु सेना के अधिकारी राजीव खटाना एवं श्री योगेश बेलवाल ने विद्यार्थियों को वायु सेना की गौरवशाली परंपराए राष्ट्र सुरक्षा में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराया। कार्यशाला में अग्निवीर वायु सहित विभिन्न भर्ती योजनाओं की जानकारी दी। देते हुए शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा, शारीरिक एवं चिकित्सीय मानक, लिखित परीक्षा, ऑनलाइन आवेदन, दस्तावेज सत्यापन तथा मेडिकल परीक्षण की पूरी प्रक्रिया समझाई गई।

**TOP IN SURGUJA**

**GURUKRIPA COLLEGE** ADMISSION GUIDENS 2026-27 SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 12 जुलाई 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

सरगुजा मार्केट

हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
महिला रोगों की जांच व इलाज
सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY
MBBS, MS
(OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

डॉ. शिवानी अग्रवाल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण
टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग
नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श
बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
-COLLEGES COUNSELLING
-DEEMED COLLEGE
-COUNSELLING
-STATE PVT./ GOVT. COLLEGES
-FORM FILLUP ASSISTANCE
-LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance
Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE
ANU SHARMA
9109920477

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### गैस सिलेंडर होम डिलीवरी नहीं होने से क्षेत्र के लोग परेशान

**बलरामपुर।** गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी नहीं होने की वजह से बलरामपुर क्षेत्र वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार सागर एचपी गैस एजेंसी रामानुजगंज में स्थित है और बलरामपुर जिले का लगभग सबसे पहला गैस एजेंसी है जिसके वजह से बलरामपुर के क्षेत्र से बड़े पैमाने पर लोग इस एजेंसी से अपना गैस कनेक्शन लिए है। बलरामपुर क्षेत्र में बड़ी संख्या में गैस उपभोक्ता इस एजेंसी के हैं। मार्च से पहले एजेंसी द्वारा बलरामपुर क्षेत्र में आकर के होम डिलीवरी प्रदान किया जाता था लेकिन पिछले तीन महीना से अधिक समय हो गया है लेकिन एजेंसी द्वारा सप्लाई नहीं दिया जा रहा है इसके वजह से काफी परेशान है। गैस उपयोगिता बड़ी मुश्किल से समय निकालकर यदि रामानुजगंज आना-जाना 60 किलोमीटर दूरी तय करते हैं तो लगभग 11 सौ में मिलने वाले सिलेंडर में 15 सौ से ऊपर पड़ता है। इसके अलावा दिन भर की मजदूरी अलग से बर्बाद होता है। इस हिसाब से देखा जाए तो एक सिलेंडर उन्हें 2000 के आसपास पड़ता है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि यदि उपभोक्ता 60 किलोमीटर दूरी तय कर जाते भी है तो यह तय नहीं होता है कि उन्हें गैस सिलेंडर मिलेगा। अमीर और बड़े उपभोक्ता तो जाकर के और जुगाड़ करके ले आते हैं लेकिन मध्यम उपभोक्ता के लिए इतनी दूर से गैस लाना बड़ा मुश्किल हो गया है। ऐसे में उपभोक्ता परेशान है। प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की उचित पहल नहीं होने से उपभोक्ता में नाराजगी है। बलरामपुर क्षेत्र के जावर, महाराजगंज, भीलवाड़ीह, ओवरी, ब्रदर गांव के अलावा शहर के लोगों का कहना है कि गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी नहीं होने से परेशान है।

### महिला स्व-सहायता समूह की राशि में अनियमितता पर एफआईआर दर्ज

**अम्बिकापुर।** जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी मिथलेश पैंकरा ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित महिला समूह के नाम पर 6 लाख रुपए निकालने के सम्बन्ध में प्राप्त सूचना पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जांच हेतु समिति गठित की गई थी। जांच समिति के द्वारा पाया गया कि ग्राम पंचायत कोसगा की सक्रिय महिला अंबानी महतवार के द्वारा आम महिला स्व सहायता समूह से 1.20 लाख एवं अनमोल आजीविका ग्राम संगठन से 5.99 लाख कुल रूपए 7.19 लाख नियम विरूद्ध लिया गया है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा अंबानी महतवार को 10 दिवस के भीतर ब्याज सहित सम्पूर्ण राशि संबंधित संगठनों को वापस करने हेतु निर्देशित किया गया, किंतु उक्त अवधि में इनके द्वारा राशि वापस नहीं की गई। राशि वापस नहीं करने के कारण लखनपुर के चारपारा के कोसगा की निवासी पवित्री चैधरी के द्वारा थाना लखनपुर में उपस्थित होकर उनके साथ हुए फर्जीवाड़े के संबंध में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसके अनुसार अबांनी महतवार लगभग 1 वर्ष से स्व सहायता समूहों का पैसा अपने पास रखी हैं एवं पैसा वापस नहीं कर रही हैं। जिसके आधार पर थाना प्रभारी लखनपुर के द्वारा भारतीय दण्ड संहिता 2023 की धारा 318 (4) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने समस्त मैदानी अमलों एवं स्व सहायता समूहों को स्पष्ट निर्देश प्रदान किया गया है, कि भविष्य में किसी भी संगठन में किसी भी स्तर पर कोई वित्तीय अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### सुघ्घर छत्तीसगढ़' अभियान के क्रियान्वयन के लिए हुआ प्रशिक्षण कार्यशाला



**राजपुर।** शासन की महत्वाकांक्षी 'सुघ्घर छत्तीसगढ़' अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गुरुवार को जनपद पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने की। जिला मुख्यालय से पहुंचे विशेषज्ञ प्रशिक्षण दल ने अभियान के संचालन से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में जनपद स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारी, पंचायत सचिव, पटवारी, आरईओ, मितानिन तथा विभिन्न विभागों के मैदानी अमले ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान बेसलाइन सर्वे के उद्देश्य, कार्यप्रणाली तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सटीक आंकड़ों के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि सर्वे पूरी पारदर्शिता, शुद्धता और जमीनी हकीकत के आधार पर किया जाना चाहिए, ताकि पात्र हितग्राहियों की सही पहचान हो सके और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। प्रशिक्षण में डेटा संग्रहण की प्रक्रिया, आवश्यक सावधानियां और तकनीकी पहलुओं पर भी विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। अध्यक्षता कर रहे एसडीएम ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सर्वे कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी अपने आवंटित क्षेत्र में पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता से कार्य करे तथा समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता सही और विश्वसनीय आंकड़ों पर निर्भर करेगी। कार्यशाला के अंत में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सर्वे से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस दौरान तहसीलदार कावेरी मुखर्जी, जनपद सीईओ संजय दुबे, कार्यक्रम अधिकारी मान साय सिदार व अन्य अधिकारी कर्मचारी थे।

ग्रामीणों ने लगाया प्राकृतिक गड्ढे की मरम्मत कर बांध का रूप देने का आरोप

# बैजनाथपुर के बांध निर्माण में भारी गड़बड़ी



निर्माणाधीन बांध।



निर्माण में लगे जेसीबी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

ग्राम पंचायत बैजनाथपुर में ग्रामीणों को सिंचाई सहित निस्तारण के लिए पानी उपलब्ध हो इसके लिए बांध निर्माण किया जा रहा है। इधर ग्रामीणों ने बांध निर्माण में भारी गड़बड़ी किए जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस जगह बांध बनाया जा रहा है वहां पहले से प्राकृतिक गड्ढा है जिसकी मरम्मत कर नया बांध का रूप दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने बांध निर्माण की जांच व दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

**खास बातें**

- पांच लाख की लागत से बन रहा बांध
- मनरेगा नियम के विरूद्ध जेसीबी का किया गया उपयोग

सरकार की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ग्राम पंचायत बैजनाथपुर ब में पूरी तरह फेल हो गई है। यहां 5 लाख रुपये की लागत से बन रहे बांध के नाम पर सरकारी राशि का बंदरबाट किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह कोई नया बांध नहीं है बल्कि यह पहले से प्राकृतिक रूप से बना गड्ढा है। उसके नीचे की तरफ थोड़ी मिट्टी डालकर और दोनों किनारों को पाट कर उसे बांध का रूप दिया जा रहा है। बांध में लगाने के लिए कार्य स्थल पर रखा हुआ बोल्डर बेहद घटिया क्वालिटी के हैं। ग्रामीणों के अनुसार पोखरी का धुस्की पत्थर कार्यस्थल पर गिराया गया है जो हाथ से मसलने पर टूट जा रहा है। जिस तरह से बांध निर्माण किया जा रहा और जो मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है उससे बांध के पहली बारिश में ही बहने का खतरा है। ग्रामीणों का कहना है कि कार्य शुरू होने से लेकर आज तक जिम्मेदार इंजीनियर और तकनीकी सहायक एक बार भी मौके पर निरीक्षण करने नहीं आए जिससे मनमानी तरीके से घटिया सामग्री उपयोग कर राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बांध निर्माण की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

**फर्जी हाजरी और जेसीबी का उपयोग**

बांध निर्माण में सिर्फ 18 मजदूरों ने 36 दिन काम किया है। मनरेगा की दर से लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये का ही काम हुआ है। लेकिन पंचायत द्वारा कागजों में 2 लाख 70 हजार रुपये खर्च दर्शा कर भुगतान निकाल लिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि शेष काम जेसीबी मशीन से कराया गया है जो मनरेगा नियमों के विरुद्ध है। फर्जी हाजरी भरकर 1.50 लाख रुपये से अधिक की राशि डकार ली गई है।

**नहीं है सूचना पटल नहीं**

मनरेगा नियमों के अनुसार प्रत्येक कार्य स्थल पर सूचना पटल लगाना अनिवार्य है। लेकिन जहां बांध निर्माण किया जा रहा है वहां सूचना पटल ही नहीं लगाया गया है। ऐसे में ग्रामीणों को कार्य की लागत, अवधि और मजदूरों की सही जानकारी नहीं मिल पा रही।

**मजदूरों से धोखा**

मजदूरों का आरोप है कि उन्होंने 6 सप्ताह काम किया है लेकिन उन्हें सिर्फ 1 सप्ताह का भुगतान मिला है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक की मिलीभगत से राशि का बंदरबाट किया जा रहा है। अब जी.राम जी योजना में भी गड़बड़ी की जा रही है।

**ग्रामीणों की जांच मांग**

ग्रामीणों ने कलेक्टर और भैयाथान जनपद पंचायत सीईओ से मांग की है कि तत्काल निर्माणाधीन बांध की जांच करने टीम भेजकर मस्टरोल का सार्वजनिक वाचन कराया जाए। फर्जी भुगतान की वसूली कर दोषी सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और इंजीनियर पर एफआईआर दर्ज की जाए। साथ ही घटिया कार्य को निरस्त कर गुणवत्तायुक्त निर्माण कराया जाए।

**कराई जाएगी जांच**

बांध निर्माण में गड़बड़ी की जा रही है तो इसकी जानकारी नहीं है। टीम भेजकर जांच कराता हूं। जांच में दोषी पाए जाने पर सभी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-विनय कुमार गुप्ता
जनपद सीईओ



## सिलसिलेवार चोरी के मामले में नाबालिग समेत दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

नगर में सिलसिलेवार ढंग से चोरी की वारदातों को अंजाम देने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने चोरी करने वाले नाबालिग और चोरी का सामान छिपाने में सहयोग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से सोने चांदी के आभूषण और दो नग स्कूटी को बरामद किया है।

- चोरी की दो स्कूटी, सोने चांदी के जेवर बरामद

बताया जा रहा है कि 19-20 जून की दरमियानी रात नगर के तिवारी कालोनी निवासी तसिया एक्का के सूने मकान में खिड़की की जाली उखाड़कर चोर ने स्कूटी की चाबी निकालकर टीवीएस ज्यूपिटर स्कूटी क्रमांक सीजी 14 एमक्यू 0463 चोरी कर ली थी। घटना की शिकायत महिला ने पुलिस से की थी। इसके साथ ही 1 व 2 जुलाई की दरमियानी रात वार्ड क्रमांक 4 जशपुर रोड निवासी चंदन गुप्ता के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर ने घर में रखे सोने चांदी के जेवर, नगदी, एप्पल मोबाइल फोन व घर के बाहर खड़ी टीवीएस ज्यूपिटर स्कूटी को चोरी कर ली थी। सिलसिले वार ढंग से हुई चोरियों की सूचना के बाद एसपी वैभव बैंकर ने मामले में जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी के निर्देश पर एसडीओपी कुसमी के नेतृत्व में मामले की जांच चल रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने दोनों ही घरों में चोरी करने की बात कबूल करते हुए चोरी के सामान को अपने साथी सुरेन्द्र नगेसिया के पास छिपाने की बात कही। पुलिस ने अंबिकापुर से सुरेन्द्र नगेसिया को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने के साथ ही निशानदेही पर चोरी की गई दोनों स्कूटी, सोने चांदी के आभूषण समेत 25 लाख रुपए का सामन बरामद किया है। पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालक व सुरेंद्र नगेशिया पर बीएनएस की धारा 305 (ए) ,331(4) के तहत कार्रवाई की है।

## कीचड़ में तब्दील ग्राम पंचायत बेकोना की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

एक ओर सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं के दावे कर रही है, वहीं प्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बेकोना की सड़क बारिश के बाद कीचड़ में तब्दील हो गई है। ऐसे में न सिर्फ ग्रामीण परेशान है वहीं स्कूल जाने वाले मासूम बच्चे रोजाना कीचड़ और गहरे गड्ढों से भरी सड़क पर जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंचने को मजबूर हैं।

- बच्चों सहित ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी




ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की हालत वर्षों से खराब है। बारिश शुरू होते ही पूरी सड़क दलदल में तब्दील हो जाती है। कई जगह पानी भर जाने से यह पहचानना मुश्किल हो जाता है कि सड़क कहां है और गड्ढा कहां। ऐसे में छोटे-छोटे बच्चे फिसलते हुए, कपड़े और जूते कीचड़ में सने हुए किसी तरह स्कूल पहुंचते हैं। कई बार बच्चे गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण और मरम्मत के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग को शिकायत दी गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला। धरातल पर आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह केवल सड़क की समस्या नहीं, बल्कि बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। जब स्कूल जाने का रास्ता ही सुरक्षित नहीं होगा तो शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों की नियमित उपस्थिति पर भी सीधा असर पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की मंशा गांवों तक विकास पहुंचाने की है, लेकिन कई स्थानों पर अधिकारियों और संबंधित कर्मचारियों की लापरवाही से योजनाओं का अपेक्षित लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा। यदि समय पर सड़क की मरम्मत कराई जाती तो बच्चों और ग्रामीणों को इस परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता।

## बारिश के बीच वार्डों में पसरा अंधेरा, बंद पड़ी है स्ट्रीट लाइट, शिकायत के बाद भी नही सुधरी

**लखनपुर।** नगर पंचायत के वार्ड इन दिनों अंधेरे में डूबे हुए है और वार्डों में कचरे का अम्बार फैला हुआ है। एक तरफ वार्डों में बारिश के समय अंधेरा होने से सड़क दुर्घटना के साथ ही सांप व अन्य जहरीले जंतुओं का ख़तरा बढ़ गया है। वहीं दूसरी तरफ सफाई नहीं होने से बरिश में लोगों को गन्दगी से बीमारी का डर सता रहा है।

- वार्डों में कचरे का अंबार

बता दें कि नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 5 एव 6 में पिछले एक सप्ताह से भी अधिक समय से सड़कों पर अंधेरा पसरा हुआ है। वहीं वार्ड क्रमांक 7 में कुछ हिस्सों में ही स्ट्रीट लाईट चल चल रहे है। इसक प्रमुख कारण है कि वार्डो के स्ट्रीट लाईट बारिश में खराब हो गए है। स्ट्रीट लाईट बंद होने से ही वार्डों में अंधेरा हो गया है। इस दौरान बारिश के समय रात को सड़क पर चलने वाले लोगों को दुर्घटना का डर सता रहा है। इसके साथ ही अंधेरे में सांप व अन्य जहरीले जन्तुओं का खतरा भी बढ़ गया है। इधर नगर के वार्डों में सफाई व्यवस्था भी कई दिनों से चरमरा गई है। वार्डों में नियमित सफाई नहीं होने के कारण घरों के सामने और सार्वजनिक स्थानों पर कचरे का ढेर लगा हुआ है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और संक्रामक बीमारियों का



खतरा भी बढ़ने लगा है। बड़ी बात यह है कि वार्डों में फैले अंधेर व कचरे को लेकर वार्ड वासियों द्वारा कई बार मुख्य नगर पंचायत अधिकारी को शिकायत की जा चुकी है। लोगों ने स्ट्रीट लाईट के मरम्मत और सड़कों पर सफाई की मांग की थी एल्किन एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी ना ही बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराई गई है और न ही सफाई व्यवस्था में कोई सुधार देखने को मिला है।

इस संबंध में सीएमओ नगर पंचायत विद्यासागर चौधरी का कहना है कि नपं के इलेक्ट्रीशियन सड़क हादसे में घायल हो गया था। इस लिए स्थिति बिगड़ी है। जल्द ही वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाएगी।

## डीएवी स्कूल में क्लस्टर स्तरीय नेशनल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन आज से

**बिश्रामपुर।** नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल शनिवार 11 जुलाई को डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट 2026 की मेजबानी करने जा रहा है,सुबह 9 बजे होने वाले उद्घाटन समारोह के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। इस आयोजन को लेकर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और विद्यार्थियों, अभिभावकों व खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। खेल महोत्सव में विभिन्न डीएवी विद्यालयों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। दौड़, एथलेटिक्स सहित कई खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी जीत का परचम लहराने के लिए मैदान में उतरेंगे। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों में खेल भावना, अनुशासन, टीमवर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक एवं डीएवी पब्लिक स्कूल की स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजय सिंह होंगे।विद्यालय की प्राचार्य ने कहा कि डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त मंच है। खेल बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और संघर्ष की भावना विकसित करते हैं, कार्यक्रम में सीजी जोन बी की मैनेजर एवं एआरओ मोल्लिका मुखर्जी तथा डीएवी पब्लिक स्कूल्स सीजी जोन के रीजनल ऑफिसर प्रशांत कुमार भी अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

### पुलिया से टकराई बाइक युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम लव घुटरी निवासी रविशंकर नामदेव आ. कोयोराम नामदेव (34 वर्ष) 8 जुलाई की सुबह बाइक से ग्राम जूजगु जाने के लिए निकला था। जैसे ही बाइक सवार जुजगु बगीचा समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को मिशन अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### प्रधान पाठक को दी गई विदाई, शिक्षा सेवा को बताया अमूल्य धरोहर

**सोनगरा।** विद्यालय परिवार द्वारा सेवानिवृत्त प्रधान पाठक के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। मिडिल एवं प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य, समूह नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को यादगार बना दिया। इस अवसर पर शिक्षकों एवं अतिथियों ने सेवानिवृत्त प्रधान पाठक कुमेन्द तिवारी के लंबे शैक्षणिक जीवन, अनुशासन, कार्यशैली एवं विद्यार्थियों के प्रति समर्पण की सराहना की। सेवानिवृत्त प्रधान पाठक कुमेन्द तिवारी ने कहा कि उन्हें सदैव सहयोग सम्मान और स्नेह मिला। उन्होंने सभी शिक्षकों से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करते रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन की एक स्वाभाविक एवं सतत प्रक्रिया है, जिससे प्रत्येक व्यक्ति को गुजरना पड़ता है। सहकारिता प्रकोष्ठ के



जिला संयोजक शरद चंद्र द्विवेदी ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यपुस्तकों का ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि संस्कार, अनुशासन और जीवन जीने की दिशा भी देता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार द्वारा सेवानिवृत्त प्रधान पाठक को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान भेंट कर उनके स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की।इस दौरान प्राचार्य अकबर कुरैशी, प्रधान पाठक अनुरंजना मिंज, बाबूलाल राजवाड़े, ईश्वर दयाल जायसवाल, यमुना प्रसाद तिवारी, जगदीश सूर्यवंशी, गवटिया सिंह, शकुंतला सिंह, स्वीटी सिंह ,विकास तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विधायक प्रबोध मिंज एवं जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया ने बच्चों को तिलक लगा कराया शाला प्रवेश

# शाला प्रवेशोत्सव में स्कूली छात्राओं को किया गया साइकिल वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारगवा विकासखंड अंबिकापुर में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव एवं निःशुल्क साइकिल सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत साइकिल वितरण समारोह सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रबोध मिंज एवं अध्यक्ष श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया जिला पंचायत सदस्य अंबिकापुर रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया।



स्वागत उपरांत बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया इसके पश्चात प्राचार्य संजीव कुमार सिंह ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, गत वर्ष के परीक्षा परिणाम एवं विद्यालय के गतिविधियों से सभी को अवगत कराया। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दिव्या भारत सिंह सिसोदिया ने छात्र-छात्राओं को ध्यान लगाकर पढ़ाई करने एवं स्कूल के समय को जीवन के महत्वपूर्ण चरण के रूप में उपयोग करने हेतु प्रेरित किया। उन्होने कहा कि इस 7 साल मे यदि आप मेहनत करेंगे तो आपके आने वाले 50 साल सुखमय होंगे ।उन्होंने छात्र-छात्राओं को शिक्षा से मोबाइल को जोड़कर उसका सदुपयोग करने की सलाह दी। मुख्य अतिथि माननीय प्रबोध मिंज ने अपने उद्बोधन में कहा आप अपने जीवन का लक्ष्य प्रबल रखिए और उसी पर मेहनत करके लक्ष्य को प्राप्त करने के बारे में सकारात्मक सोच रखिए आप अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार होकर प्रयत्न करेंगे तो आप नौकरी करें या व्यवसाय आप को सफलता आवश्य मिलेगी। जीवन की चुनौतियां को स्वीकार करते हुए आपको मन लगाकर पढ़ाई करना है। इसके बाद न० प्रवेशी बच्चों को मिष्ठान खिलाकर पुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया। तत पश्चात निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत विद्यालय की 48 छात्राओ को निशुल्क साइकिल प्रदान किया गया ।साइकिल प्रदान करने उपरांत विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम उपरांत विद्यालय की तरफ से श्रीमती पूर्णिमा अवस्थी ने आभार प्रदर्शन किया।

**शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों को दिया गया गणवेश**

डांडगांव। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जनपद सदस्य श्रीमती राधा रवि एवं हाई स्कूल दावा के प्राचार्य अजीत सिंह के आतिथ्य एवं प्रभारी प्राचार्य आरके यादव की अध्यक्षता में बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य श्रीमती राधा रवि ने अपने स्कूली जीवन के अनुभव सुझाए तथा बच्चों को नियमित स्कूल आने एवं मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नवप्रवेशी बच्चों को तिल लगाया तथा मिठाई खिलाई तथा बच्चों को पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश वितरित किया। प्रवेश उत्सव में माध्यमिक शाला डांडगांव, गुमगा एवं प्राथमिक शाला देवल्लापारा के नवप्रवेशी बच्चे एवं सभी सभी शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन नर्मदा प्रसाद मिश्र, नमिता नेताम एवं संजू कुमार चंद्रा ने किया। इस दौरान टीएल देवांगन, दलगर साय, कपिल सिंह, श्रीमती मधु वर्मा आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सीएमपीएफओ पर 7.6 प्रतिशत ब्याज दर लागू यूनियनों के विरोध के बावजूद जारी हुआ आदेश

**बिश्रामपुर।** कोयला कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के आर्थिक हितों से जुड़े कोल माइंस प्रोविडेंट फंड की ब्याज दर को लेकर लंबे समय से चल रही चर्चा के बीच आखिरकार कोयला खान भविष्य निधि संगठन ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 7.6 प्रतिशत ब्याज दर लागू करने का आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है। 8 जुलाई को जारी इस आदेश ने कर्मचारी संगठनों और ट्रेड यूनियनों के बीच नई बहस छेड़ दी है, क्योंकि कुछ दिन पहले ही 3 जुलाई को वाराणसी में आयोजित न्यासी बोर्ड की 186 वीं बैठक में इस प्रस्ताव का विरोध दर्ज कराया गया था।सीएमपीएफओ द्वारा जारी पत्र के अनुसार भारत सरकार के कोयला मंत्रालय ने 30 जून 2026 के पत्र के माध्यम से वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 7.6 प्रतिशत ब्याज दर को मंजूरी प्रदान कर दी थी। मंत्रालय की स्वीकृति मिलने के बाद संगठन ने सभी बोर्ड सदस्यों को पत्र जारी कर कर्मचारियों के भविष्य निधि खातों में इसी दर से ब्याज जमा करने की प्रक्रिया शुरू करने की जानकारी दी। जानकारी के अनुसार 186 वीं न्यासी बोर्ड बैठक में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ब्याज दर को 7.7 प्रतिशत से घटाकर 7.6 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा गया था,इस प्रस्ताव पर कर्मचारी संगठनों और विभिन्न ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों ने कड़ा विरोध जताया था। उनका स्पष्ट कहना था कि महंगाई और बढ़ती जीवन-यापन लागत के बीच कर्मचारियों के हितों में कटौती स्वीकार नहीं की जा सकती। आदेश जारी होने के बाद कर्मचारी संगठनों और पेंशनभोगियों के बीच असंतोष का माहौल देखा जा रहा है,उनका कहना है कि न्यासी बोर्ड की बैठक में उठाई गई आपत्तियों और सुझावों को अपेक्षित महत्व नहीं दिया गया, ब्याज दर के मुद्दे के साथ-साथ कर्मचारी संगठनों ने सीएमपीएफओ की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार दिनांक 12 जुलाई 2026 को छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.भुवन शर्मा, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.संजय कुमार अग्रवाल, रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ.निहार गुप्ता, पेन फिजीशियन डॉ.बी.मिंज, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिषेक कौशले, ब्रेन, स्पाईन एवं एडोस्कोपिक न्यूरो सर्जन डॉ.महावीर सिंह जौहरी संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।

## पेज 1 के शेष...

### कैलाशपुर-राजापुर मार्ग स्थित...

जा चुका है। अब केवल प्रशासकीय स्वीकृति मिलना शेष है। स्वीकृति के बाद निविदा प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। अब 3.71 करोड़ रुपये की लागत से उच्चस्तरीय पुल निर्माण का प्रस्ताव शासन की मंजूरी का इंतजार कर रहा है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि शासन जल्द प्रशासकीय स्वीकृति जारी करेगा, ताकि वर्षों से लंबित इस महत्वपूर्ण परियोजना का निर्माण शुरू हो सके। ग्रामीणों का मानना है कि यह पुल केवल दो गांवों को नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास और सुरक्षित आवागमन की नई राह खोलेगा। उच्चस्तरीय पुल बनने से कैलाशपुर, राजापुर सहित आसपास के गांवों के किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में आसानी होगी। स्कूल-कॉलेज आने-जाने वाले विद्यार्थियों को बरसात में होने वाली परेशानी से राहत मिलेगी। वहीं व्यापारिक गतिविधियों और ग्रामीण परिवहन को भी नई गति मिलेगी।

### घायलों का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा उपचार

# एनएच 43 पर टक्कर के बाद ट्राला के केबिन में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सीतापुर

गुरुवार की देर शाम एनएच 43 पर एक ट्राला में अचानक ही आग लग गई। ट्राला के केबिन में देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इस दौरान ग्रामीणों की मदद से वाहन में फंसे हुए चालक, खलासी समेत तीन लोगों को किसी तरह बाहर निकाला गया। घटना में चालक समेत तीन लोग बुरी तरह से झुलसे और घायल हुए है। फिलहाल ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का कार्य जारी है और अंबिकापुर से दमकल की टीम भी रवाना हुई है।

**खास बात**

- घायल होने के बाद गंभीर रूप से झुलसे चालक-परिचालक समेत तीन

बताया जा रहा है कि गुरुवार की देर शाम साढ़े एनएच 43 पर सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम सोन तराई में अचानक ही एक ट्राला के केबिन में आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। इस दौरान ट्राला में आग लगता देख ग्रामीणों ने समय रहते केबिन में मौजूद चालक, खलासी समेत तीन लोगों को बाहर निकाला। इसके साथ ही घटना की सूचना पुलिस को दी गई। इस घटना में चालक समेत तीन लोग बुरी तरह से झुलस गये है जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इधर देखते ही देखते ट्राला में लगी आग ने विकराल रूप ले लिया। आग के कारण केबिन धू धूकर जलने लगा। इस दौरान पुलिस ने अंबिकापुर से दमकल वाहनों को बुलाया। आग की सूचना पर दमकल की टीम सीतापुर के लिए रवाना हुई है और आग बुझाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। फिलहाल घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है लेकिन बताया जा रहा है कि उक्त वाहन ने अपने आगे चल रहे ट्राला को टक्कर मारी जिससे चालक, परिचालक समेत तीन लोग घायल हुए और केबिन में आग लग गई। इधर आग लगने की जानकारी लगते ही आगे की ओर चल रहे ट्रक को चालक लेकर फरार हो गया। ट्राला की रफ़्तार इतनी अधिक थी कि टक्कर के बाद शोर्ट सर्किट से आग लग गया। इस घटना में ट्राला में सवार चालक परिचालक कोरबा तराईसिंगार निवासी 22 वर्षीय सतपाल, 25 वर्षीय दीपक दास व 49 वर्षीय धरमदास गंभीर रूप से घायल हुए हुए और फिर आग से झुलस गए। तीनों को फिलहाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक आग बुझाने का प्रयास जारी था।



धू-धूकर जलता ट्रक।



## एल्डरमैन के शपथ ग्रहण समारोह में विकास की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर पालिका परिषद में शुक्रवार को आयोजित नवनियुक्त एल्डरमैनों के शपथ ग्रहण समारोह में विकास की कई बड़ी घोषणाएं हुईं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नियुक्त पांच नए एल्डरमैनों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक रामविचार नेताम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद एसडीएम आनंद कुमार नेताम ने शासन द्वारा नियुक्त एल्डरमैन मोहन गुप्ता, सुभाष केसरी, सीमा रवि, जयप्रकाश केसरी एवं अनूप कश्यप को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ के पश्चात सभी नवनियुक्त एल्डरमैनों का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि एल्डरमैन नगर पालिका की विकास यात्रा के महत्वपूर्ण सहभागी होते हैं। उन्होंने सभी नवनियुक्त एल्डरमैनों से अपेक्षा जताई कि वे जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाते हुए नगर के समग्र विकास, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाएं। कृषि मंत्री ने नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल द्वारा रखी गई प्रमुख मांगों को स्वीकार करते हुए रामानुजगंज के विकास के लिए तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने 500 सीटर आधुनिक ऑडिटोरियम भवन के निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि इससे नगर में सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के लिए नए भवन के निर्माण की भी घोषणा की गई। उन्होंने यह भी बताया कि रामानुजगंज के लिए इंडोर स्टेडियम की स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है, जिसके निर्माण के बाद खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी और प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।



## कांग्रेस ने किया केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**अंबिकापुर।** शुक्रवार को कांग्रेस ने केंद्र व प्रदेश की सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के साथ ही पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेस ने जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को बदनाम करने का आरोप लगाया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक ने कहा कि भाजपा पूरे देश मे विपक्ष को समाप्त कर तानाशाही स्थापित करना चाहती है। इसी उद्देश्य से वो पहले विपक्षी नेताओं पर झूठे आरोप लगाती है, फिर उनके पीछे जांच एजेंसियों को छोडती है। लेकिन भाजपा नेताओं के भ्रष्टाचार के मोबाईल ऑडियो वायरल हो जाने के बावजूद उनके खिलाफ अपराध तक दर्ज नहीं करती। भाजपा के इस दोहरे चरित्र को जनता देख रही है और उसे उसके इस करनी की सजा भी वही देगी। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सत्ता में आने के बाद केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार लगातार कांग्रेस के नेताओं के विरुद्ध झूठे मामलों को हवा दे रही है और इसकी आड़ में जांच एजेंसियों के माध्यम से उनके विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। जांच एजेंसियों के माध्यम से लगातार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके परिवार के सदस्यों, पूर्व केबिनेट मंत्री कवासी लखमा, विधायक देवेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को प्रताड़ति किया जा रहा है। इसके विरोध में आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सभी जिला मुख्यालय में प्रधानमंत्री और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के पुतला दहन का निर्णय लिया जिसके पालन में सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी ने घड़ी चौक पर पुतला दहन किया। भारी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में तेज बारिश में यह पुतला दहन किया गया। बारिश से पुतला दहन प्रभावित न हो इसलिए विशेष फोम और थिनर का उपयोग कर पुतला बनाया गया था, जो बारिश के बावजूद पूर्णतः जल गया। पुतला दहन कार्यक्रम में जेपी श्रीवास्तव, शफ़ी अहमद, द्वितेंद्र मिश्रा, हेमंत सिन्हा, मो इस्लाम, रामविनय सिंह, प्रशांत सिंह चीकू, इंद्रजीत सिंह धंजल, दुर्गेश गुप्ता, संजय सिंह, अशफाक अली, मो हसन, कलीम खान, मो बाबर, विकल झा, जीवन यादव, गुरूप्रीत सिद्धु, निकी खान, सतीश बारी, अमित सिन्हा, अविनाश कुमार, गीता रजक, उर्मिला विश्वास, अनुराधा सिंह, अंकित जायसवाल, मो अख्तर, शिफ़्तीन रजा आदि मौजूद थे।

- जांच एजेंसियों के दुरूपयोग का लगाया आरोप

## कैश वैन व कार की आमने सामने हुई टक्कर, दंपती घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 43 पर सिलफिली के पिलखा क्षीर के पास गुरुवार देर रात एक तेज रफ्तार कैश वैन और कार की आमने-सामने की टक्कर में दंपती घायल हो गए हैं। हादसा से कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि कैश वैन सड़क किनारे नाली में जा घुसी। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत सिलफिली निवासी 56 वर्षीय गौरांग चन्द्र मंडल पत्नी चंचला मंडल के साथ मारुति ऑल्टो कार क्रमांक सीजी 15 बी 6820 से बिश्रामपुर से अपने घर सिलफिली लौट रहा था,तभी एनएच 43 पर रात लगभग 10 बजे सिलफिली के पिलखा क्षीर के पास अंबिकापुर की ओर से आ रही कैश वैन क्रमांक एमपी 04 डब्ल्यूसी 2377 के चालक आनंद सिंह ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार का दाहिने तरफ का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि अनियंत्रित कैश वैन सड़क से उतरकर नाली में जा फंसी। हादसे में प्रार्थी गौरांग चन्द्र मंडल के सिर, हाथ, पैर और सीने में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं उनकी पत्नी चंचला मंडल के सीने में चोट लगने की जानकारी सामने आई है। सूचना पर जयनगर पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## नगर पंचायत एल्डरमैन का शपथ ग्रहण, विधायक शकुंतला सिंह ने कहा विकास की बह रही गंगा



**प्रतापपुर।** विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते की उपस्थिति में नवनियुक्त एल्डरमैन का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम ललिता भगत ने एल्डरमैन, लक्ष्मी गुप्ता, विजेंद्र कश्यप,बसराम सिंह,अरुण सिंह, रंजन सिंह, दीपक रजक का शपथ ग्रहण कराया। इस अवसर पर विधायक शकुंतला सिंह ने कहा कि प्रतापपुर-जरही के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। नगर पंचायत के विकास के लिए हमेशा छत्तीसगढ़ सरकार तीव्र गति से विकास कार्य कर रहा है जिससे जनता को इस राशि से क्षेत्र की सड़कों, गलियों, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण होगा। आज मंगल भवन में नगर पंचायत प्रतापपुर एवं जरही द्वारा आयोजित एल्डरमैन शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारीं विधायक ने नवनिर्वाचित पार्षद को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही हमारा संकल्प है और विकास ही हमारी पहचान है। इस दौरान इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, महामंत्री अवधेशपांडे, राजेश गुप्ता, विक्रम सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह, विश्वजीत सोनी, आनंद शुक्ला, राजेंद्र जायसवाल, निरंजन दास, कनौजिया, सौरभ मानिक, विक्रम प्रताप सिंह, जनपद अध्यक्ष सुखमणि सिंह, नीलम, लालती सिंह, सीमा शांडिल्य, श्याम पति उपस्थित थे।

## राजपुर-प्रतापपुर मार्ग पर भीषण सड़क हादसा बुजुर्ग की मौके पर मौत, दो युवक घायल

**राजपुर।** राजपुर-प्रतापपुर मुख्य मार्ग पर ग्राम बगाड़ी तेंदूपारा चौक के समीप भीषण सड़क हादसे में एक 81 वर्षीय बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची तथा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ग्राम सिंगचौरा निवासी दो युवक बाइक क्रमांक सीजी 30 सी 1871 से राजपुर से अपने गांव लौट रहे थे। उसी समय ग्राम दबगड़ी निवासी अशरफी महतो (81 वर्ष) टीवीएस एक्सएल लूना क्रमांक जेएच 14 जी 7768 से किराना सामान खरीदने राजपुर आ रहे थे। तेंदूपारा चौक के समीप लूना और बाइक के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अशरफी महतो को गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई वहीं बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भिजवाया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

ऊँ जय माँ कंकाली ऊँ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
लगातार 30 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
नोट- स्वामी जी दिनांक - 11 व 12 जुलाई 2026 दिन- शनिवार व रविवार को अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!
त्रिकालग्य स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी.(गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 वसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 17,500/-
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.भुवन शर्मा
सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.संजय कुमार अग्रवाल
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिषेक कौशले
सुप्रसिद्ध पेन फिजीशियन डॉ.बी.मिंज
सुप्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ.निहार गुप्ता
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला अस्पताल रोड, प्रकाश हॉस्पिटल के बगल में अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा (छ.ग.)
1.5 TESLA MRI
सुप्रसिद्ध ब्रेन एवं स्पाइन सर्जन,एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन डॉ.महावीर सिंह जौहरी
12 जुलाई 2026, माह के दूसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 8224007733 7000619700
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध